हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 26 मई 2025

तापमान
अधिकतम 36.3 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

12 पटरी निर्माण की मांग पर किसानों ने दिया धरना



12 गवर्नमेंट कॉलेज में पीजी डिप्लोमा इन जर्नलिज्म शुरू



## खबर संक्षेप




**कुरुक्षेत्र।** धार्मिक परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते सिख मिशन हरियाणा के इंचार्ज सुखविंदर सिंह एवं अन्य।

### धार्मिक प्रश्नोत्तरी का परिणाम किया घोषित

**कुरुक्षेत्र।** सिख मिशन हरियाणा कुरुक्षेत्र के इंचार्ज सुखविंदर सिंह ने बताया कि राज्य के विभिन्न स्कूलों में एसजीपीसी के वरिष्ठ उप प्रधान रघुजीत सिंह विर्क के नेतृत्व में धार्मिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इस संदर्भ में हाल ही में श्री हरिकृष्ण पब्लिक स्कूल, झांसा में धार्मिक परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसका परिणाम आज घोषित किया गया है। प्रतियोगिता में अवनीत कौर, जसमीत सिंह और एकमप्रीत कौर ने प्रथम श्रेणी में क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरी श्रेणी में हरगुण सिंह, गुरमनदीप कौर और जशनप्रीत कौर ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया है। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सिख मिशन हरियाणा कुरुक्षेत्र द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

### कैंटर चालक निकले लूट के मास्टर माइंड

**जींद।** जींद-गोहाना ग्रीन फिल्ड नेशनल हाइवे पर तीन दिन पहले हुई पांच लाख 17 हजार रुपये की लूट के मास्टर माइंड खुद कैंटर के दोनों चालक थे। जिन्होंने अपने दो दोस्तों के साथ मिल कर लूट को अंजाम दिलवाया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने कैंटर कैटर चालक तथा दोनों दोस्तों को गिरफ्तार उनके कब्जे से लूटी गई राशि तथा वारदात में प्रयोग बाइक को बरामद कर लिया है। पुलिस ने जांच की तो कैटर चालक फिरोज खान तथा उसका साथी अंकित लूट के मास्टर माइंड निकले।

# आंधी-बारिश से गिरे बिजली के पोल और पेड़, बिजली आपूर्ति हुई ठप

- बरसात आने से गर्मी से मिली राहत लेकिन रातभर गायब रही बिजली

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**

प्रदेश के अनेक जिलों में शनिवार रात मौसम ने अचानक करवट बदल ली। आसमान में बादल छाने के बाद तेज आंधी और बारिश शुरू हो गई। इससे जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं, आंधी के चलते रात में बिजली गुल हो गई।

आंधी के कारण कई जगहों पर पेड़ व बिजली के पोल भी गिर गए, जिस वजह से शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित हुई थी। रविवार की प्रातः बिजली की आपूर्ति बहाल हो सकी। हालांकि कुछ स्थानों पर बारिश होने से बाद में मौसम खुशगवार हो गया। रात्रि हुई झमाझम बारिश ने नगर परिषद के दावों की पोल खोल कर रख दी है। बारिश के कारण कई कॉलोनियों में पानी निकासी की व्यवस्था न होने के कारण जलभराव की स्थिति रही।

हालांकि पब्लिक हेल्थ विभाग की टीम ने कॉलोनियों में जाकर जलभराव की समस्या को दूर किया। आंधी व तेज बारिश के कारण जगह-जगह टमाटर की फसल को भारी नुकसान हुआ है। किसान रामबीर, मोहन, प्रवेश ने बारिश व तेज हवा से टमाटर की फसल को हुए नुकसान के लिए सरकार से मुआवजे की मांग की है।

### सड़कों पर लगे होर्डिंग भी आंधी में गिर गए

कुरुक्षेत्र में शनिवार रात्रि अचानक से मौसम बदला और तेज आंधी शुरू हो गई। इससे जिला में विभिन्न स्थानों पर पेड़ व कई गांवों में बिजली के पोल टूट गये। कई स्थानों पर लगे हुए होर्डिंग भी तेज आंधी में गिर गए। पेड़ टूटकर सड़क पर गिरने से जाम के हालात बन गए। आंधी के दौरान झमाझम बारिश आई। तेज आंधी से शहर के अधिकतर क्षेत्रों की बिजली गुल हो गई। वहीं रविवार को दोपहर तक आसमान में बादल छाये रहने से गर्मी से राहत मिली।





**कुरुक्षेत्र।** कॉलोनी में बारिश के कारण हुए जलभराव की समस्या को दूर करती पब्लिक हेल्थ विभाग की टीम। तथा अमीन-समाना मार्ग पर सड़क के बीच गिरा पड़ा पेड़। *फोटो : हरिभूमि*

### अंधड़ से जनजीवन हुआ प्रभावित

तेज अंधड़ चलने से जनजीवन प्रभावित हुआ। अंधड से बिजली की आपूर्ति ठप होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं तेज हवा के कारण कई जगहों पर सड़कों के बीच में पेड़ गिर गए जिस कारण यातायात प्रभावित हुआ। वहीं तापमान में गिरावट आने से आमजन को गर्मी से भी कुछ राहत मिली है। रविवार को अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## केंद्रीय मंत्री ने जनप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' को साथियों के साथ सुना

# दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बनना देश के लिए बड़ी उपलब्धि : मनोहर लाल

### युवा पीढ़ी को संत महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल**

- प्रधानमंत्री मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम जनभागीदारी का सशक्त मंच

केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने रविवार को भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' को सभी साथियों के साथ सुना।

ऑपेरशन सिन्दूर से लेकर नवाचार, संस्कृति, जनकल्याण और आत्मनिर्भर भारत तक, प्रधानमंत्री के प्रेरणादायक विचारों को सुना और उनसे प्रेरणा ली। इस मौके पर भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर ने पुष्प गुच्छ देकर केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री ने इससे पूर्व भाजपा कोर ग्रुप की बैठक ली और संगठन की मजबूती तथा एक भारत श्रेष्ठ भारत, तिरंगा यात्रा जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की। मनोहर लाल ने कहा कि भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। जोकि एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। भारत 10 साल पहले आठवीं या नौंवी अर्थव्यवस्था मानी जाती थी, वो आज विकास करते-करते दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, अभी जापान को पीछे छोड़ा है, लेकिन 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है और 2047 तक दूसरे या पहले स्थान पर भी पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि 2047 में देश की आजादी के 100 साल पूरे होने पर न सिर्फ भारत देश एक विकसित देश बने बल्कि हर प्रांत विकसित हो, आदर्श प्रांत के रूप में आत्मनिर्भर भारत के साथ आत्मनिर्भर प्रदेश और फिर साथ में जिला और गांव इस प्रकार से आत्मनिर्भर बने। इस उद्देश्य से एक-एक गांव तक पहुंचने और जनता को हर योजना का लाभ देने के लिए विकास के कार्य केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे हैं। सांसद खेल प्रतियोगिता का समापन 11 मई को होना था लेकिन पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना और भारत पाकिस्तान के बीच तनाव के चलते यह समापन समारोह स्थगित कर दिया गया था।



**करनाल।** पत्रकारों से वार्ता करते केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व अन्य।

अब स्थितियां सामान्य होने पर इस सांसद खेल प्रतियोगिता का समापन आज स्थानीय कर्ण स्टेडियम में किया जाएगा। इसमें कबड्डी व खो-खो की श्रेष्ठ टीमों को सम्मानित किया जाएगा। गांव सालवन में 29 मई को राज्य स्तरीय महाराणा जयंती के आयोजन पर कहा कि इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए ताकि इससे युवा पीढ़ी को संत महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा मिले और इस दिशा में हरियाणा सरकार द्वारा संत महापुरुष विचार प्रचार-प्रसार योजना के तहत सभी महापुरुषों की जयंती को राज्य स्तर पर मनाई जा रही है।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर हरियाणा के विधानसभा के अध्यक्ष व घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण, इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप, नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी, असंध के विधायक योगेंद्र राणा, मेयर रेनू बाला गुप्ता, प्रदेश महामंत्री डॉ अर्चना गुप्ता, उपाध्यक्ष वेदपाल एडवोकेट, जिला प्रभारी भारत भूषण जुयाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर, सांसद प्रतिनिधि कवींद्र राणा, अशोक गुज्जर सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# साइबर ठगी के तीन केसों में सात आरोपी गिरफ्तार



- आरोपियों से 46 हजार की नकदी और एक मोबाइल फोन भी जब्त

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

साइबर पुलिस ने ठगी के तीन मामलों को सुलझाकर सात आरोपियों को काबू किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 46 हजार की नकदी के साथ एक मोबाइल फोन भी जब्त किया है।

थाना साइबर क्राइम पुलिस ने 21 मई 2025 को जांच के दौरान आरोपी राजस्थान के इंद्रराज, नरसी लाल, संजय व राहुल सिंह को गिरफ्तार किया था। तीन दिन के रिमांड में पुलिस ने आरोपियों से 46 हजार रूपये नकदी व 1 मोबाइल बरामद किया गया है। मामले में अब तक कुल 17 आरोपियों को गिरफ्तार कर लगभग 27 लाख 46 हजार रूपये रूपये बरामद किए जा चुके हैं। करीब 17 लाख रूपये खातों में फ्रीज करवाए गए हैं। इस मामले में पालम विहार के राजेंद्र कुमार ने 6 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 29 मार्च 2025 से 5 अप्रैल 2025 के दौरान आरोपियों ने पुलिस बनकर ऑनलाइन फर्जी अरेस्ट वारंट भेजकर तथा डरा धमका कर डिजिटल अरेस्ट कर उनसे 2.64 करोड़ रुपये की ठगी की थी। एक अन्य मामले में पुलिस ने यहां के गुरूनानक कॉलोनी के रहने वाले प्रिंस व तरनजीत सिंह वासी सेठी गार्डन को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को पुलिस ने 5 दिन का रिमांड लिया है।

# वंदे भारत और दुर्ग एक्सप्रेस रोकने वाले यात्रियों के खिलाफ होगी एफआईआर

- आरपीएफ वीडियो फुटेज के जरिए हंगामा करने वाले यात्रियों की पहचान की जा रही

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

वंदे भारत व दुर्ग एक्सप्रेस का रास्ता रोकने वाले दैनिक यात्रियों के खिलाफ केस दर्ज करने की कार्रवाई शुरू हो गई है। आरपीएफ अब ट्रेन के आगे खड़े होकर रेलवे ट्रैक बाधित करने वालों यात्रियों की पहचान कर रही है।

इसके लिए वीडियो व सीसीटीवी फुटेज का सहारा लिया जा रहा है। जांच टीम ने स्टेशन मास्टर को लिखित शिकायत सौंपने वाले दैनिक यात्रियों का नाम व मोबाइल नंबर भी लिया गया है। इन यात्रियों से पूछताछ के बाद उनके खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही जा रही है। कुछ रोज पहले अचानक ट्रेन लेट होने की वजह से कुछ यात्रियों ने रेलवे स्टेशन पर हंगामा कर वंदे भारत व दुर्ग एक्सप्रेस ट्रेन को रेलवे ट्रैक पर ही रोक दिया था।इन यात्रियों ने रेलवे ट्रैक पर खड़े होकर रेलवे के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की थी। घटना शुक्रवार की सुबह की है। जब ट्रेन निर्धारित समय पर नहीं पहुंची तो कुछ यात्री स्टेशन मास्टर के कार्यालय में पहुंच गए। यहां भी यात्रियों ने हंगामा किया था। अंबाला से अंब अंदौरा के बीच चलने वाली मेमू ट्रेन का विस्तार रायपुर स्टेशन तक हो गया है। ऐसे में अब यह मेमू ट्रेन घंटों की देरी से अंबाला स्टेशन पर पहुंच रही है। इस कारण सहारनपुर, यमुनानगर और बराड़ा सहित ग्रामीण क्षेत्रों से चंडीगढ़ जाने वाले दैनिक यात्री परेशान हो रहे थे। उन्हें ड्यूटी में देरी होती है। इस कारण दैनिक यात्रियों ने शुक्रवार को कैंट स्टेशन पर आई अंब अंदौरा वंदे भारत सहित उधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस का संचालन बाधित कर दिया था।

#### वीडियो फुटेज की मदद

आरपीएफ प्रभारी रविंद्र सिंह ने बताया कि वंदे भारत का संचालन बाधित करने वाले लोगों की पहचान की जा रही है। उनके खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए वीडियो फुटेज की भी मदद ली जा रही है।

# शेयर मार्केट के नाम पर ठगे 27.95 लाख

- अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

साइबर ठगों शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट करवा कर अधिक लाभ कमाने का झांसा देकर प्रोफेसर कॉलोनी निवासी चंद्र प्रकाश से 27 लाख 95 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

शहर की प्रोफेसर कॉलोनी निवासी चंद्र प्रकाश ने शिकायत में बताया कि गत 27 मार्च को वह घर पर था। इस दौरान उसके मोबाइल के व्हाट्सएप पर एक नंबर से मैसेज आया। जब उसने मैसेज पर क्लिक किया तो वह शेयर मार्केट के एक ग्रुप से जुड़ गया। व्हाट्सएप पर आरोपी ने उसे शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट करके अधिक लाभ कमाने का झांसा दिया। वह आरोपी की बातों में आ गया। आरोपी ने उसे 27 मार्च से 14 मई के बीच अलग-अलग करके 27 लाख 95 हजार रुपये अलग-अलग बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करवा लिए। जब उसने आरोपी को इन्वेस्टमेंट का प्रॉफिट मांगा तो आरोपी ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। जब उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी।

# रोहिणी नक्षत्र में 8 जून तक रहेंगे सूर्यदेव

- विश्वकर्मा मंदिर के पुजारी अवध बिहारी पांडे ने सूर्य भगवान के प्रवेश की दी जानकारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर**

विश्वकर्मा मंदिर रादौर के पुजारी अवध बिहारी पांडे ने बताया कि रविवार को सूर्य देव भगवान का रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश हो गया है। सूर्य देव भगवान आठ जून की आधी रात तक रोहिणी नक्षण में रहेंगे। इसके साथ ही नौतपा की शुरुआत हो गई है। जो 8 जून तक चलेगा।

पुजारी अवध बिहारी पांडे ने बताया कि नौतपा के इन 9 दिन जबरदस्त गर्मी पड़ने के आसार हैं। जिस कारण तापमान बहुत अधिक बढ़ सकता है। सूर्य के रोहिणी में प्रवेश के पहले 9 दिनों को नौतपा के नाम से जाना जाता है। उन्होंने बताया कि नौतपा के सभी नौ दिन पूरी तरह से तपें तो यह अच्छी बारिश का संकेत होता है। अब सूर्य 8 जून को आधी रात तक रोहिणी नक्षत्र में रहेंगे। रोहिणी नक्षत्र का अधिपति ग्रह चंद्रमा है जो शीतलता का प्रतीक है। जबकि सूर्य को तेज और प्रताप का प्रतीक माना गया है। सूर्य जब चन्द्र के नक्षत्र रोहिणी में प्रवेश करता है तो वह रोहिणी को अपने प्रभाव में ले लेता है। ग्रहों में भी अस्त व्यस्तता हो जाती है। इसी वजह से तापमान में बढ़ोतरी हो जाती है। तापमान बढ़ जाने के कारण ही मौसम में तबदीली होती है। आंधी और तूफान भी आने लगते हैं।



**रादौर।** सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश की जानकारी देते पुजारी अवध बिहारी पांडे।

#### नौतपा शुरू

उन्होंने बताया कि नौतपा में पृथ्वी और सूर्य काफी नजदीक आ जाते हैं। इस समय रोहिणी की शुभता और कोमलता पर सूर्य के अग्नि तत्व का असर पड़ता है। सूर्य की रोशनी सीधे लंबवत पड़ने से पृथ्वी पर गर्मी में तेजी आ जाती है। इस बीच अगर नौतपा के दौरान बारिश हो जाती है तो उसे नौतपा का गलना कहा जाता है।

## लोकमाता होलकर की जयंती लगातार 10 दिन मनाएगी भाजपा : कृष्ण लाल पंवार

# अहिल्याबाई ने सर्वसमाज की भलाई के लिए किया कार्य

- सिरसगढ़ में जिला गोष्ठी में पधारे पंचायत मंत्री पंवार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती को भारतीय जनता पार्टी द्वारा बड़े स्तर पर मनाया जा रहा है। 21 से 31 मई 2025 तक जिला में अलग-अलग जगहों पर यह जयंती समारोह मनाए जाएंगे।

इसी कड़ी के अंतर्गत केएल रिसोर्ट सिरसगढ़ में जिला गोष्ठी का आयोजन किया गया। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने सिरसगढ़ में नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर एक महान शासक, योद्धा और समाजसेवी थीं जिन्होंने अपने शासनकाल में अपने समस्त मालवा क्षेत्र को समृद्धि और सुरक्षा प्रदान की। उनकी जयंती के अवसर पर, हम उनके जीवन और योगदानों को याद करते हैं और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लेते हैं। पंवार ने कहा कि शिक्षा और संस्कृति को बढ़ावा देते हुए अहिल्याबाई होलकर ने कई हिंदू मंदिरों और धर्मशालाओं का निर्माण करवाया और शिक्षा और संस्कृति को बढ़ावा दिया, उन्होंने सती प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई और लड़कियों की शादी की उम्र बढ़ाने का साहसिक कार्य किया, अहिल्याबाई होलकर ने अपने क्षेत्र में सडक़ निर्माण और जल संरक्षण के बुनियादी ढांचे पर जोर दिया और स्थानीय हथकरघा उद्योग का विकास किया।

उन्होंने कहा कि वह सभी से आग्रह करते हैं कि वे लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जयंती समारोह में शामिल हों। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती को अलग-अलग कार्यक्रमों के माध्यम से मनाने का काम किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने महापुरूषों की जयन्तियों को सरकारी तौर पर मनाकर उन्हें मान-सम्मान देने का काम किया हैं। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि लगभग 300 वर्ष पूर्व जब महिलाओं का घर से बाहर निकलना भी मुश्किल होता था उसे समय अहिल्याबाई ने घर से बाहर निकल कर पढ़ाई की और उसके उपरांत राज्य की व्यवस्था संभाल कर एक कुशल प्रशासक के रूप में राज किया जिसमें सर्व समाज के लोग खुशी-खुशी रहते थे। इस दौरान पूर्व विधायक राजबीर बराड़ा, जिला महामंत्री गोल्डी सैनी, सह संयोजक बीनू गर्ग व विवेक गुप्ता, ममता सैनी, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश बतौरा, मंडल अध्यक्ष मुलाना नीरज शर्मा, साहा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार, बराड़ा मंडल अध्यक्ष डिंपल राणा, मोहड़ा मंडल अध्यक्ष कुलदीप बड़ौला, आदि मौजूद रहे।




**अंबाला।** पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार का अभिनंदन करते भाजपा नेता ।

#### ये रखी मांगें

इस मौके पर ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश पाल नौहनी ने मांग पत्र के माध्यम से कालपी से नारायणगढ़ रोड (वाया ठाकुर द्वारा-मिर्जापुर) मार्ग का नाम मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर मार्ग रखने, मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर आईटीआई नोहनी, मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर की मूर्ति स्थापित करने , नौहनी में मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर के नाम से लाईब्रेरी स्थापित करने की मांग रखी। पंचायत मंत्री ने आश्वस्त किया कि इन सभी मांगों को पूरा करने का काम किया जाएगा।

# ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

- जगाधरी बुड़िया रोड पर चौधरी देवीलाल कॉलेज के पास हुआ हादसा
- एक्टिवा पर गुरुद्वारे में माथा टेकने जा रहा था मृतक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

जगाधरी बुड़िया मार्ग पर चौधरी देवीलाल कॉलेज के पास गुरुद्वारे में माथा टेकने जा रहे एक्टिवा सवार व्यक्ति की ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर लगने से मौत हो गई।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। जगाधरी की इंदिरा कॉलोनी निवासी 75 वर्षीय वरयाम सिंह रविवार सुबह अपनी एक्टिवा पर बुड़ियि स्थित गुरुद्वारे में माथा टेकने के लिए जा रहा था। रास्ते में जब वह चौधरी देवीलाल कॉलेज के पास पहुंचा तो सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली से उसकी एक्टिवा टकरा गई। जिससे वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

उसके सिर पर चोट लगने से अधिक खून बह गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने मृतक के दस्तावेजों के आधार पर उसके परिजनों को फोन किया। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### युवक ने महिला के साथ की अश्लील हरकतें

**यमुनानगर।** सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने महिला के साथ अश्लील हरकतें की। इस दौरान आरोपी पर महिला के साथ गाली गलौज व मारपीट करने का भी आरोप है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 55 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 22 मई को वह गांव में ही किसी काम से जा रही थी। इस दौरान उनके गांव के ही सचिन ने उसे रास्ते में रोक कर उसके साथ छेड़छाड़ करनी शुरू कर दी। जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ गली गलौच तथा मारपीट की। उसने शोर मचाया तो आरोपी मौके से भाग गया। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी सचिन के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। समाचार लिखे जाने तक आरोपी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है।

### सड़क किनारे खड़े पेड़ों को काटकर किया चोरी

**यमुनानगर।** गांव खेड़ा फार्म के पास सड़क किनारे खड़े सरकारी पेड़ों को काटकर चोरी करने के आरोप में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी पेड़ों को काटकर अपनी टाटा ऐस गाड़ी में भरकर बेचने के लिए लेकर जा रहे थे। चोरी हुए पेड़ों की कीमत करीब 60 हजार रुपए है। जगाधरी ब्लॉक के वन दरोगा अशोक सिंह ने सदर थाना जगाधरी पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि गांव खेड़ा फार्म के पास सरकारी पेड़ खड़े हुए हैं। 24 मई को सुबह करीब दो बजे उसे सूचना मिली थी कि कुछ लोग गांव खेड़ा फार्म के पास खड़े सरकारी पेड़ों को काटकर टाटा एस में भरकर ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही वह टीम के साथ मौके पर पहुंचा। टीम को देखकर आरोपियों ने गाड़ी के साथ भागने का प्रयास किया, परंतु टीम ने उन्हें काटे गए टाटा एस गाड़ी में भरे पेड़ों के साथ पकड़ लिया। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई तथा पकड़े गए सभी आरोपी पुलिस को सौंप दिए। पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान इकरान, सोनी, मेहंदी उर्फ मीर साहब और ज्ञानी के रूप में बताई। पुलिस ने सभी आरोपियों को हिरासत में लेने के बाद आरोपियों के खिलाफ जांच के बाद चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बारिश के साथ तेज हवाएं चलने से जिला तरबतर, मौसम हुआ सुहावना

# बारिश व आंधी से सड़कों पर गिरे पेड़, निचले इलाकों में भरा पानी

शनिवार रात बरसात से गन्ने व हरे चारे की फसलों को फायदा, शिमला मिर्च और टमाटर की फसलों को नुकसान रात करीब दो बजे चमक व गरज के साथ अचानक बदला था मौसम




**यमुनानगर।** बारिश होने से गलियों में भरे पानी के बीच से गुजरते हुए लोग व बारिश के बीच सड़कों पर दौड़ते हुए वाहन। *फोटो: हरिभूमि।*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

पिछले करीब एक पखवाड़े से गर्मी की तपिश से झूलस रहे जिलेवासियों को रविवार तड़के दो बजे के करीब शुरु हुई तेज हवा के साथ बारिश से मौसम में ठंडक बन गई। वहीं, बारिश और तेज हवा के चलने से कई स्थानों पर सड़कों पर पेड़ गिर गए और ग्रामीण इलाकों में बिजली बाधित हो गई। बारिश होने से निचले इलाकों में पानी भरने से लोग परेशान हो गए। खास बात यह रही कि बारिश होने से गन्ना व चारा की फसलों को जहां लाभ मिला, वहीं, शिमला मिर्च व टमाटर की फसल को नुक्सान पहुंचा है।

शनिवार शाम को जिले में आसमान पूरी तरह साफ था और मौसम में गर्मी की तपिश बनी हुई थी। मगर रविवार तड़के दो बजे के करीब अचानक आसमान में बादल गर्जने लगे और बिजली चमकने लगी। बादलों की गर्जना होने से लोग नींद के जागे तो देखा कि तेज हवा के साथ बारिश हो रही थी। हवा इतनी तेज थी की बारिश की बौछारें लोगों के घरों तक घुसने लगी। बारिश रात दो बजे से शुरु होकर रविवार को दस बजे तक रुक रुक कर होती रही। बारिश होने व तेज हवा चलने से मौसम तो सुहावना बन गया। मगर नीचले इलाकों में पानी भरने से लोग परेशान हो गए। आलम यह रहा कि यमुनानगर की कई कॉलोनियों में नीचले इलाकों में गलियों व सड़कों पर पानी भरने से लोग गंदे पानी के बीच से होकर गुजरने को मजबूर हो गए।

#### बिजली आपूर्ति हुई बाधित

तेज हवा चलने व बारिश होने से जिले के ग्रामीण व शहरी इलाकों में कई स्थानों पर बिजली बाधित रही। वहीं, बारिश होने से जिले का तापमान घटकर अधिकतम 34 डिग्री सेल्सिय व न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस रह गया।

#### गन्ना और चारा की फसलों के लिए बारिश बनी वरदान

किसान हिशम सिंह, गुलजार, रामपाल, हरीश व लखविंद्र आदि ने बताया कि पिछले काफी समय से मौसम में बनी गर्मी की तपिश से जहां गन्ना और चारा की फसलें सूखने लगी थी। वहीं, उनमें बीमारियों का प्रकोप भी बढ़ने लगा था। मगर अब बारिश होने से गन्ना और चारा की फसलों को लाभ मिलेगा। जबकि इस समय टमाटर और शिमला मिर्च की अधिकांश खेतों में तुड़ाई चल रही है। बारिश होने से टमाटर व शिमला मिर्च की फसल को नुक्सान होगा।

#### पानी में बहे दावे

जिला प्रशासन व नगर निगम पिछले करीब एक माह से शहर से गांव तक बरसाती पानी की निकाली को पुख्ता करने के दावे कर रहा है। बीती रात आंधी के साथ हुई बरसात का पानी गलियों व सड़कों में जमा होने से निकासी के दावे पानी में हिचकौले खाते नजर आए।




**यमुनानगर।** होली हार्ट हाई स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में उत्कृष्ट मॉडल्स बनाने वाले बच्चों को सम्मानित करते हुए अतिथि।

## प्रदर्शनी में आकर्षक मॉडल्स बनाकर दिखाया वैज्ञानिक ज्ञान

■ होली हार्ट हाई स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

होली हार्ट हाई स्कूल में विद्यार्थियों का विज्ञान में ज्ञानवर्धन करने के लिए विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों की 47 टीमों ने भाग लेकर उत्कृष्ट एवं आकर्षक मॉडल्स बनाकर प्रदर्शनी में प्रदर्शित किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि एसके नरुला, प्रधानाचार्या मोनिका चावला व पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. नरेंद्र आहुजा ने किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका चावला ने बताया कि जूनियर विज्ञान प्रदर्शनी में कुल 47 टीमों ने अपने मॉडल्स प्रदर्शित किए। उन्होंने बताया कि बच्चों ने विभिन्न विषयों पर मॉडल्स बनाकर अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक ज्ञान का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्या मोनिका चावला ने बताया कि प्रदर्शनी में कक्षा यूकेजी से पांचवी तक के बच्चों ने भाग लिया और विभिन्न विषयों सोलर एनर्जी, फूड चेन, सेंस ऑर्गन व एयर पोल्यूशन आदि विषयों पर अपने मॉडल्स प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल की टीम में शामिल रवि शर्मा, मैडम टिवंकल बजाज व मैडम हिमानी रियाल ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान आकर्षक एवं उत्कृष्ट मॉडल्स बनाने वाले बच्चों का चयन कर उन्हें प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर बच्चों के अभिभावक भी मौजूद रहे। विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. नरेंद्र आहूजा ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने और उन्हें फोन और टीवी की बुरी लत से बचाने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों के आयोजन करने से बच्चों का मानसिक विकास होता है और शिक्षा में रुचि बढ़ती है। इसके अलावा बच्चों का विज्ञान में ज्ञानवर्धन होता है।

## रोटरी क्लब रादौर ने श्रद्धापूर्वक मनाई सिने अभिनेता सुनील दत्त की पुण्यतिथि

■ क्लब के सदस्यों ने अभिनेता के चित्र पर पुष्प अर्पित दी श्रद्धांजलि।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर



**रादौर।** अभिनेता सुनील दत्त की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते रोटरी क्लब के सदस्य।

रोटरी क्लब रादौर द्वारा रविवार को कस्बा में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता सुनील दत्त की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर क्लब के प्रधान निर्मल सिंह ने क्लब के सदस्यों के साथ स्व. सुनील दत्त की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।

प्रधान निर्मल सिंह ने बताया कि प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता व कांग्रेसी नेता सुनील दत्त का जन्म 6 जून 1929 को अविभाजित पंजाब के झेलम जिले में हुआ था। उनकी शिक्षा मुंबई के जय हिन्द कॉलेज में हुई। अभिनय में इनकी काफी रुचि थी। उनकी पहली फिल्म रेलवे स्टेशन थी जो 1955 में बनी थी। 1957 में बनी फिल्म मदर इंडिया बहुत बड़ी हिट फिल्म थी। जिससे उन्हें बॉलीवुड का स्टार बना दिया। उन्होंने 50 से भी ज्यादा फिल्मों में काम किया और कई फिल्मों का निर्माण और निर्देशन भी किया। 2003 में बनी फिल्म मुन्ना भाई एमबीबीएस उनकी बतौर अभिनेता अंतिम फिल्म थी। जिसमें संजय दत्त के पिता की भूमिका निभाई थी। उन्हे पद्मश्री सहित कई सम्मान मिले। 2005 में उन्हें सबसे बड़े पुरस्कार दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। महाराष्ट्र सरकार ने उन्हें 1975 में जस्टिस ऑफ पीस और 1981 में शैरिफ बनाया। 1962 में चीन में उन्होंने एक लाख राष्ट्रीय सुरक्षा कोष में दिया। सैनिकों के मनोरंजन के लिए अजंता आर्ट दल का गठन किया। युद्ध में सैनिकों का न सिर्फ मनोबल बढ़ाया बल्कि उनकी मदद भी की। उनकी शादी नरगिस के साथ हुई, जिनकी मौत कैंसर से हुई। सुनील दत्त ने कैंसर हॉस्पिटल नरगिस स्मारक फाउंडेशन की स्थापना की।

### लोहे के पाइप से युवक पर हमला, केस दर्ज

**यमुनानगर।** शहर के जोड़ियां के पास कहासुनी होने पर एक युवक ने अपने साथ आठ साथियों के साथ मिलकर गांव औरंगाबाद निवासी लक्की शर्मा पर लोहे के पाइप से हमला कर घायल कर दिया। फरकपुर पुलिस ने एक युवक को नामजद करते हुए आठ अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। लक्की शर्मा ने बताया कि वह 23 मई को शाम किसी काम से जोड़िया के पास आया था। जहां दीपिश के साथ किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई। जिसके बाद आरोपी दीपिश ने अपने आठ अन्य साथियों के साथ मिलकर उसे पर लोहे के पाइप से हमला कर दिया। जिससे उसके शरीर पर कई हिस्सों में चोटें आई। घायल अवस्था में परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने जांच के बाद दीपिश को नामजद 8 अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

## निःशुल्क शिविर में 112 यूनिट रक्त एकत्रित, 2330 का जांचा स्वास्थ्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रादौर

जीवनदीप संस्थान ब्राह्मण सभा व श्री सिद्धी विनायक क्लब की ओर से रविवार को कस्बा के सफल पैलेस में रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ भाजपा नेता नेपाल राणा ने किया।

संस्थान के प्रभारी डॉ. अजय मिश्रा ने बताया कि रक्तदान शिविर में 112 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। सिटी चैरिटेबल ब्लड बैंक की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान की। जांच शिविर में 2330 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर फ्री दवाइयां, 385 नजर के चश्मे, टीबी की जांच, ईसीजी, 85 लोगों को चलने की छडियां, 7 लोगों को बैसाखी, 7 लोगों को वॉकर, 7 लोगों को व्हीलचेयर, 5 लोगों को सुनने की मशीने दी गई।

इस मौके पर डॉ.दीपा सैनी, डॉ. इंदु कपूर, डॉ.मनीष गोयल, डॉ. अपूर्वा, डॉ. शशिकांत मलिक, डॉ. पूजा, डॉ. रोहित शर्मा, डॉ. रणविजय राणा, डॉ. हिमांशु गोयल व डॉ. निशु सिंगला ने टीम के साथ अपनी सेवाएं दी।



#### संधाली में एकत्रित हुआ 45 यूनिट रक्त

शहीद उधम सिंह कांबोज वॉलीबॉल कमेटी की ओर से गांव संधाली में पहले रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ भाजपा नेता नेपाल राणा व मास्टर सतपाल कांबोज ने किया। रक्तदान शिविर में 45 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस अवसर पर नेपाल राणा व मास्टर सतपाल कांबोज ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। रक्त दुनिया के किसी भी फैक्ट्री में नहीं बनाया जा सकता। यह केवल एक इंसान से ही दूसरे इंसान को दिया जा सकता है। इसलिए 18 वर्ष से अधिक का कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान करके दूसरों की मदद कर सकता है। इस अवसर पर हिमांशु कांबोज, रवि कुमार, सुमित कांबोज, राजेश कुमार, संजय कांबोज, नितिन कांबोज, टिंकू कश्यप, कूड़ा राम, भावेश कांबोज व मुकेश कांबोज आदि मौजूद रहे।



#### नशा मुक्त जीवन से तय करें समाज कल्याण यात्रा

**रादौर।** भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंचज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम ट्रस्ट ने रविवार को संयुक्त रूप से पंजाबी धर्मशाला में मां जगत जननी व सतगुरु देव श्री शक्तिपुत्र महाराज की मासिक महाआरती हुई। जिसका शुभारंभ श्रद्धालु प्रविता कुंजल, श्रुति चमरौडी ने गुरुवर व मां के जयकारों से किया। प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र मेहता ने कहा कि आज का माहौल एक अशांति का माहौल है। इस अशांति के माहौल को हम सिर्फ मां की आराधना से ही शांति में परिवर्तित कर सकते हैं। हमें सत्य का जीवन जीना चाहिए। आज सभी संगठनों को सबसे पहले अपने आप नशा मुक्ति, मांसाहार मुक्त और चरित्रवान जीवन जीते हुए समाज कल्याण की यात्रा को तय करना चाहिए। समाज में घर घर में जाकर भी यही संदेश देना चाहिए।

## समाजसेवा को जीवन में अपनाएं युवा

**यमुनानगर।** डीएवी डेंटल कॉलेज में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें रोटरेक्टर शशांक कौशिक, रोटेरियन कारण बिंदलिश, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आईके पंडित मौजूद रहे।

करण बिंदलिश ने कहा कि यह कार्यक्रम एक तरह का ऑफिशियल क्लब विजिट है। जो समर्पण सेवा और एकता की भावना को समर्पित है। रोटरेक्टर शशांक कौशिक ने कहा कि कॉलेज में इस तरह की गतिविधियां अपने आप में काबिले तारीफ है। ऐसी गतिविधियों में सभी को बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। पढ़ाई के साथ-साथ समाज सेवा का कार्य हमें जीवन जीने के अलग पहलुओं से अवगत करवाता है। समाज सेवा अपने आप में ऊंचाइयों की तरफ ले जाती है।



प्राचार्य आईके पंडित ने सभी रोटरेक्टर्स का उत्साहवर्दन किया। उन्होंने ऑफिशियल विजिट ने क्लब के सदस्यों को प्रेरित किया और उन्हें सामाजिक सेवा की दिशा में और अधिक समर्पित होकर कार्य करने की ऊर्जा प्रदान की। रोटरेक्ट क्लब डीएवी डेंटल समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के अपने संकल्प के साथ नए जोश और योजनाओं के साथ काम करेंगा।

### निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में 150 मरीजों की जांच, बांटे चश्मे

**यमुनानगर।** राष्ट्रीय जनकल्याण सेवा मंच ने रविवार को आजाद नगर में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया। जिसमें 150 मरीजों के नेत्रों के जांच की और उन्हें निशुल्क दवाईयां व चश्में वितरित किए। शुभारंभ मंच के प्रदेश अध्यक्ष रोहित वर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि नेत्र मानव के लिए महत्वपूर्ण अंग है। मनुष्य को समय-समय पर अपनी आंखों की जांच करवानी चाहिए। नेत्र चिकित्सक डॉ. विजय कुमार ने करीब 150 मरीजों की जांच कर उन्हें संस्थान की ओर से निशुल्क दवाइयां व चश्मे वितरित किए। मौके पर संस्था के सोम पाल, रमेश, गोपाल, रोहन व सुरेश इत्यादि मौजूद रहे।

## साइबर अपराधियों से बचाव सचेत रहने से ही संभव: एसपी

■ जिलेवासियों को बचाव को लेकर किया सचेत।



एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया।

**यमुनानगर।** साइबर अपराधी आए दिन नए नए तरीकों अंजाम देकर लोगों को ठगने का काम कर रहे हैं। साइबर अपराधियों से बचने के लिए लोगों को सचेत रहना आवश्य है। यह जानकारी जिला पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया ने अपने कार्यालय में जिलेवासियों को सचेत करते हुए दी।

एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया ने बताया कि साइबर अपराधी अपराध करने के हर दिन नए नए तरीके अपना रहे हैं। आमजन के जागरुक होने से ही साइबर अपराधियों के चंगुल में आने से बचा जा सकता है।_लिस ने साइबर अपराधों के प्रति आमजन को जागरुक करने के लिए एडवाजरी जारी की है। साइबर अपराधों से बचने के लिए जागरुकता व सतर्कता ही सबसे बड़ा हथियार है। परिचित व्यक्ति किसी एप्लीकेशन को डाउनलोड न करें।

## बेटियां हमारे समाज की नींव, नजरिया बदलने से बदलेगी हमारी सोच: गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को लेकर जिला में लोगों को जागरुक करने के लिए मोबाइल वैन का शुभारंभ किया गया। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर मोबाइल वैन को रवाना किया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी तरविंदर कौर ने अध्यक्षता की। मोबाइल वैन का गांव कैल और गड़ी मुंडो में पहुंचने पर ग्रामीणों ने स्वागत किया। इस दौरान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे का जय घोष भी किया गया।

डीसी ने कहा कि बेटियां समाज की नींव हैं। बेटियों के प्रति लोगों का नजरिया बदलेगा तो सोच भी बदलेगी। मोबाइल वैन चलाई जाने का उद्देश्य लिंगानुपात की स्थिति में सुधार लाने और बेटियों के प्रति लोगों की सोच और नजरिया में बदलाव लाना है। अभी जिले में लिंगानुपात की स्थिति संतोषजनक है। बेटियों के बिना समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। बेटियों के प्रति समाज को अपना नजरिया बदलने की ही देरी है। ये तस्वीर बदल जाएगी। समाज में लिंगानुपात तय करता है की बेटियों की स्थिति क्या है। कम लिंगानुपात में सुधार को लेकर एक बड़ी मुहिम चलाई जा रही है।



**यमुनानगर।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरुकता वैन को झंडी दिखाते डीसी।

**योजनाओं की दी जानकारी:** सीडीपीओ तरविंदर कौर ने बताया कि मोबाइल के माध्यम से प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना आपकी बेटी हमारी बेटी, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान पोषण अभियान सभी योजनाओं का ऑडियो विवरण भी चलाकर लोगों को जागरुक किया जा रहा है। उन्होंने सभी से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को सफल बनाने की अपील की। मौके पर महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी चंद्रलेखा, कुसुम लता मौजूद रहे।

### पीएम के मन की बात कार्यक्रम से भाजपा कार्यकर्ता उत्साहित

# जिले में बूथ स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिले भर में रविवार को सैंकड़ो स्थानों पर अपने अपने बूथों पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनकर भाजपा कार्यकर्ता काफी उत्साहित दिखाई दिए। इस दौरान मुख्य रुप से पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल, हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने अपने कार्यालयों में कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर प्रधानमंत्री के मन की बात को ध्यानपूर्वक सुना।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने मन की बात कार्यक्रम के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आमतौर पर आप स्कूल में जाते हैं तो आपको ब्लैक बोर्ड दिखाई देता है । लेकिन अब सीबीएसई बोर्ड द्वारा की गई पहल का वह स्वागत करते हैं ।जिसके अनुसार अब बहुत से स्कूलों में शुगर बोर्ड भी लगाया जा रहा है । जो कि बच्चों की हेल्थ के प्रति उन्हें सूचित करता है की कितनी चीनी खाई जा रही है व कितनी चीनी की जरूरत है।
यह एक सकारात्मक निर्णय है जिसका बच्चों की सेहत पर निश्चय ही अच्छा असर पड़ेगा। वहीं, पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 122वें कार्यक्रम में सिंदूर आपरेशन की सफलता के बारे में देशवासियों को बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सिंदूर आपरेशन केवल एक सैन्य मिशन ही नहीं है ,बल्कि यह हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है। इस तस्वीर ने पूरे देश को देश भक्ति के भावों से भर दिया है। तिरंगे में रंग दिया है।



**यमुनानगर।** कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुनते हुए भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा व अन्य पदाधिकारी। *फोटो: हरिभूमि।*

#### आतंकवाद के खिलाफ एकजुट पूरा देश

सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रत्येक माह के आखिरी रविवार को मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश के लोगों के साथ संवाद करते हैं । देश भर में यह कार्यक्रम काफी लोकप्रिय हो रहा है। इसी कड़ी में आज प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भाजपा जिला यमुनानगर संगठन द्वारा जिले की चारों विधानसभाओं जगाधरी, यमुनानगर, रादौर व सढौरा में और 16 मंडलों स्थित सैकड़ो बूथों पर भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं द्वारा सुना गया।

## खबर संक्षेप



### पूल पार्टी और मूवी दिवस का किया आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** किड्जी कल्याण नगर में पूल पार्टी और मूवी दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस दौरान प्ले-ग्रुप से सीनियर केजी के छात्रों ने पूल पार्टी का आनंद लिया, जबकि ग्रेड 1-5 के छात्रों ने मूवी टाइम का आनंद लिया। स्कूल प्रबंधन निदेशक आदित्य वत्स ने बताया कि इस तरह की गतिविधियां विद्यालय में मासिक आधार पर आयोजित की जाती हैं, ताकि छात्रों को आपस में मिल कर बातचीत करने और सहपाठी संवाद बनाने का अवसर मिल सके।

### श्रीकृष्ण कृपा परिवार ने किया संकीर्तन आयोजित



**थानेसर।** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज की प्रेरणा से श्रीकृष्ण कृपा जिओ गीता परिवार द्वारा सेक्टर 17 में सुविधा प्रतिष्ठान पर संकीर्तन का आयोजन किया गया। संकीर्तन के आयोजक सुमित शर्मा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में राधा और कृष्ण भाव के भजन गाए गए, जिससे सारा वातावरण भक्तिमय हो गया। ठाकुर जी के सामने श्रद्धालु जमकर थिरके। इस अवसर पर रमाकांत शर्मा, प्रवीण गुप्ता, डा. श्याम लाल आहूजा, अजय सांवरिया, राम कुमार शर्मा, नवीन भारद्वाज, जयभगवान शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, शुभम, पवन गुंबर, अनिता शर्मा, विकास छाबड़ा, प्रवीण गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### समस्याओं का शीघ्र समाधान प्राथमिकता : उपायुक्त

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार की पहल पर प्रदेशभर में आमजन की



समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे। अहम पहलू यह है कि सप्ताह में दो दिन लगने वाले समाधान शिविर में हर वर्ग के व्यक्ति अपनी अपनी समस्याओं को लेकर आ रहे हैं जिनका समय से निदान भी कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि अधिकारी प्रत्येक समस्या का गंभीरता से संज्ञान लें और त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करें।

### राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा पर कार्यशाला का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** धन्ना भगत पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत समिति के प्रधान जगतार सिंह काजल और अन्य समिति के सदस्यों ने अतिथियों डॉ प्रदीप कुमार और पूजा शर्मा को पुष्प गुच्छ देकर की। रिसोर्स पर्सन डॉ प्रदीप कुमार और पूजा शर्मा ने शिक्षकों को राष्ट्रीय कार्यक्रम रूपरेखा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

## साई सेंटर में फिट इंडिया मूवमेंट कार्यक्रम का आयोजन

# फिटनेस स्वस्थ व समृद्ध जीवन का आवश्यक स्तंभ : बाबू राम रावल

- इस मौके पर साइकिल रैली का शुभारंभ किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

साई के सहायक निदेशक बाबू राम रावल ने कहा कि फिटनेस केवल एक शब्द नहीं है बल्कि यह एक स्वस्थ और समृद्ध जीवन का आवश्यक स्तंभ होता है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत और विकसित हरियाणा बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को स्वस्थ रहना होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, स्वास्थ्य सिर्फ रोग या दुर्बलता की अनुपस्थिति ही नहीं बल्कि एक पूर्ण शारीरिक, मानसिक और सामाजिक खुशहाली की स्थिति होती है। एक स्वस्थ व्यक्ति रोजमर्रा की गतिविधियों से निपटने के लिए और किसी भी परिवेश के मुताबिक अपना अनुकूलन करने में सक्षम होता हैं। साई के सहायक निदेशक बाबू राम रावल रविवार को साई सेंटर कुरुक्षेत्र में भारतीय खेल प्राधिकरण की तरफ से आयोजित फिट इंडिया मूवमेंट कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले साई के सहायक निदेशक बाबू राम रावल, सेवा निवृत चीफ हॉकी कोच गुरविन्द्र सिंह, एचएसवीपी के जेई योगेन्द्र सिंह, साई के वरिष्ठ प्रशिक्षक कुलदीप सिंह वडैच, हाकी कोच नरेंद्र ठाकुर, समाजसेवी बलराज ग्रेवाल, समाजसेवी नरेश सैनी ने हरी झंडी देकर साइकिल रैली का शुभारंभ किया। इस साईकिल रैली ने साई सेंटर और आस-पास के क्षेत्र के लोगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया अभियान तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नशा मुक्त हरियाणा का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक दौर में मनुष्य को अपने स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए खेल कूद गतिविधियों में भाग लेने की जरूरत है। इन खेल कूद गतिविधियों के साथ-साथ प्रत्येक मनुष्य को योगा, साईकिलिंग और नियमित रूप से सैर को अपने जीवन का हिस्सा बनाना होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण ने समाज को फिट रहने के लिए जन जागरण अभियान को शुरू करके एक सराहनीय कार्य किया है। इस फिट इंडिया अभियान में प्रत्येक व्यक्ति को बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि फिट इंडिया अभियान के साथ जुडकर नागरिक अपने आप को स्वस्थ बना सकता है। इसलिए इस अभियान के साथ सभी को जुडन्ना चाहिए। इस प्रदेश के नागरिकों को स्वस्थ रहने के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण की तरफ से चलाए जा रहे फिट इंडिया फिटनेस अभियान में भाग लेना होगा।




**कुरुक्षेत्र।** साइकिल रैली को झंडी दिखा रवाना करते साई के सहायक निदेशक बाबू राम रावल।

### आज हम मोटर गाड़ियों का प्रयोग आवश्यकता से अधिक कर रहे

उन्होंने कहा कि पहले एक व्यक्ति कई किलोमीटर की दूरी पैदल अथवा साइकिल से तय करता था, लेकिन आज हम मोटर गाड़ियों का प्रयोग आवश्यकता से अधिक कर रहे हैं। ऐसे में फिट इंडिया का महत्व भारत के लिए बढ़ जाता है। आज प्रौद्योगिकी ने हमारी शारीरिक क्षमता कम कर दी है और हमारी फिटनेस की आदत भी छीन ली है। साथ ही हम अपनी परंपरागत कार्यप्रणालियों और जीवनशैली से अनभिज्ञ होते जा रहे हैं, जो हमें स्वस्थ रख सकती हैं। ऐसे में यह मुहिम प्रदेश को अपनी परंपरागत कार्यप्रणालियों और जीवनशैली से जोडने का काम करेगी। साई के सहायक निदेशक बाबू राम रावल ने कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण की तरफ से फिट इंडिया अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के साथ प्रत्येक वर्ग को जोडने का प्रयास किया जा रहा है। साई के सीनियर कोच कुलदीप सिंह वडैच भी अपने विचार व्यक्त किए।

## विश्व थायरॉयड दिवस पर लगाया शिविर

### डी.आर. जैन न्यूरोकेयर हॉस्पिटल ने गांव जलबेड़ा मे जांचा लोगों का स्वास्थ्य



**कुरुक्षेत्र।** शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

विश्व थायरॉयड दिवस पर डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र ने जन सेवा की ओर एक कदम आपका स्वास्थ्य हमारा लक्ष्य अभियान के तहत गांव जलबेड़ा में निःशुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया। हॉस्पिटल के एम.डी. मेडिसिन डॉ. राजेश कुमार ने थायरॉयड रोग के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए कहा कि थायरॉयड ग्रंथि की गड़बड़ी से शरीर की ऊर्जा, वजन, मानसिक स्वास्थ्य और मेटा बॉलिज्म पर गहरा असर पड़ता है। उन्होंने बताया कि थायरॉयड की स्थिति जांचने के लिए मुख्यतः टी-3, टी-4 और टीएसएच टेस्ट किए जाते हैं। टी-3 शरीर की ऊर्जा प्रणाली को नियंत्रित करता है, टी-4 मेटाबॉलिक क्रिया को संतुलन में रखता है, जबकि टीएसएच थायरॉयड ग्रंथि की कार्यप्रणाली को नियंत्रित करता है। इनकी असंतुलन की स्थिति में समय पर जांच और इलाज अत्यंत आवश्यक है। शिविर के आयोजन में कृष्ण कुमार, मोनिका जी.एन.एम. कोऑर्डिनेटर, अंजू, रुमा, हेमचंद, प्रवीण, सौरभ, मोहित, अजय, आदि का विशेष सहयोग रहा।

### जिला सडक सुरक्षा कमेटी की मासिक बैठक कल

**थानेसर।** जिला सडक सुरक्षा समिति व सुरक्षित वाहन स्कूल पॉलिसी तथा ब्लैक स्पॉट को लेकर मासिक बैठक का आयोजन 27 मई को दोपहर 12 बजे लघु सचिवालय के सभागार में होगा। इस बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त करेंगी। आरटीए इंस्पेक्टर जोगिन्द्र सिंह ढुल ने कहा कि जिला सडक सुरक्षा समिति की मासिक बैठक 27 मई को होने जा रही है। इस बैठक का एजेंडा सभी अधिकारियों को भेज दिया गया है और पिछली बैठक के एजेंडा बिंदुओं पर सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई की रिपोर्ट आरटीए विभाग में भिजवाई जाए ताकि सडक सुरक्षा की बैठक की पीपीटी समय पर तैयार की जा सके।

## शिक्षा एक जीवन दर्शन है जो व्यक्तित्व निर्माण में है सहायक : राज नारायण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- हरियाणा सुपर 100 केंद्र में शैक्षणिक सत्र 2025-2027 के चयनित विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

'जिला शिक्षा अधिकारी संतोष शर्मा ने कहा कि हरियाणा सुपर 100 केंद्र में शैक्षणिक सत्र 2025- 2027 के चयनित विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में निदेशक कृषि एवं पशु कल्याण विभाग के राजनारायण कौशिक एवं अतिका मलिक तथा विशिष्ठ अतिथि के रूप में हरप्रीत कौर संयुक्त निदेशक माध्यमिक शिक्षा हरियाणा पंचकूला ने शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यातिथि राजनारायण कौशिक द्वारा परिसर में स्थित सभागार का नामकरण योगशाला रखा गया। विशिष्ट अतिथि हरप्रीत कौर ने योगशाला में सरस्वती माता की प्रतिमा का अनावरण किया गया। राज नारायण कौशिक ने सभी अभिभावकों तथा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, यह एक जीवन दर्शन है जो व्यक्तित्व निर्माण में सहायक होता है। उन्होंने कहा कि मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। हरियाणा सुपर 100 केंद्र एक अत्यंत सराहनीय पहल है जो प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखता है।



**ये रहे मौजूद:** इस अवसर पर विकल्प संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष नवीन मिश्रा, बुनियाद के डायरेक्टर प्रदीप सनसनवाल, जिला विज्ञान विशेषज्ञ एवं कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ तरसेम कौशिक तथा इको क्लब के जिला संयोजक अतुल शास्त्री, राजन गुंडल, कपिल भार्गव, संजीव कुमार, सीमा आदि उपस्थित रहे।



### रोडवेज कर्मचारी यूनियन कुरुक्षेत्र डिपो के प्रधान बने शेर सिंह सैनी

**कुरुक्षेत्र।** रोडवेज कर्मचारी यूनियन हरियाणा 1004 की राज्य कमेटी व कुरुक्षेत्र डिपो की डिपो कमेटी का विस्तार राज्य प्रधान निशान सिंह, राज्य महासचिव जयबीर घणघस के नेतृत्व में किया गया। राजेश लाला को अम्बाला कमिश्नररी का प्रभारी व बलविन्द्र पबनावा को राज्य उपप्रधान बनाया। डिपो कमेटी में शेरसिंह सैनी को प्रधान, होशियार सिंह को चेयरमैन, धर्मपाल तंवर को वरिष्ठ उपप्रधान, विकाश शर्मा को सचिव, कृष्ण कुमार उपप्रधान, ओमप्रकाश को संगठन सचिव, प्रवीण कुमार को कैशियर, राकेश कुमार प्रेस सचिव, रामकरण को ऑडिटर, संजीव कुमार मुख्य सलाहकार, सुनील कुमार कानूनी सलाहकार, रविन्द्र कुमार कार्यालय सचिव बनाया गया। इस अवसर पर डिपो प्रधान सोनू गुज्जर, सचिव जसमेर गुज्जर मौजूद थे।

## विधायक अरोड़ा पर किया हमला निंदनीय

### जब विपक्ष के विधायक सुरक्षित नहीं तो आम जनता का क्या होगा: सुरेंद्र सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कांग्रेस ओबीसी सेल के जिला प्रधान सुरेंद्र सैनी ने थानेसर विधायक एवं पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा पर नगर परिषद की मीटिंग के दौरान जो हमला किया गया है वह निंदनीय है। उन्होंने कहा की सोची समझी साजिश के तहत अशोक अरोड़ा पर हमला किया गया है ताकि वह थानेसर नगर परिषद में हुए घोटाले को उजागर न कर सकें। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष के पार्षदों को जानबूझकर यह हमला करवाने के लिए उकसाया गया ताकि अशोक अरोड़ा आगे से नगर परिषद की बैठकों में हिस्सा ना ले सके। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रजातंत्र को रोंदने का काम कर रही है। जब नगर परिषद थानेसर द्वारा पहले ही पत्र जारी कर दिया गया था कि पार्षदों के अलावा कोई नही आएगा तो बाहरी लोगों को क्यों बैठक मे जाने दिया गया। इतना ही नही इन लोगों द्वारा विधायक अशोक अरोड़ा के साथ दुर्व्यवहार और जानलेवा हमला किया गया। उन्होंने कहा कि शर्म की बात है कि मुख्यमंत्री के गृह जिले मे इस प्रकार की घटना हो रही है और 2 दिन बीत जाने के बाद भी प्रशासन द्वारा ऐसे गुंडों के खिलाफ कोई एफआईआर दर्ज नही की गई। अशोक अरोड़ा थानेसर विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं और जनता की समस्याओं को विधानसभा और विधानसभा के बाहर पूर्ण ढंग से उठाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब विपक्ष के विधायक सुरक्षित नही हैं तो आम जनता का क्या होगा? नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी को इनके विरूद्ध सरकारी डयूटी मे बाधा डालने के विरोध मे मुकदमा दर्ज करवाना चाहिए था लेकिन कार्यकारी अधिकारी ने अभी तक इन गुंडा तत्वों के विरूद्ध कोई मुकदमा दर्ज नही करवाया है।



**कुरुक्षेत्र।** कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कांग्रेस ओबीसी सेल के जिला प्रधान सुरेंद्र सैनी।



**लाडवा।** रोटरी क्लब के पदाधिकारी व सदस्य रोटेरियन अरुण सैनी को पुरस्कार देते हुए।

## रोटरी क्लब की ओर से शहर में लगे वाटर कूलर करवाए जा रहे रिपेयर

**लाडवा।** रविवार को शहर की रोटरी क्लब की एक बैठक लाडवा रादौर मार्ग पर एक निजी होटल में संपन्न हुई। जिसमें आगामी 30 जून तक के कार्यों के बारे में विस्तार से विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता रोटरी क्लब के प्रधान नरेश गर्ग ने की। बैठक में प्रधान नरेश गर्ग ने सभी सदस्यों के आगे जून महीने में शहर में रोटरी क्लब द्वारा करवाने वाले अनेक कार्यों के बारे में विस्तार से बताया जिसमें सबसे पहले शहर में लगे वाटर कूलरों को ठीक करवाने का कार्य क्लब की ओर से किया जा रहा है और अभी एक वाटर कूलर को ठीक करवाया गया है। इसके अलावा शहर में लगे चार या पांच वाटर कूलर जो खराब पड़े हैं, उनको भी जल्द से जल्द ठीक करवा कर जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। इसके साथ-साथ आगामी 5 जून को पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में क्लब की ओर से शहर के डिवाइडरों पर लगे पेड़ पौधों की कटाई छटाई करवाकर भयंकर गर्मी को देखते हुए उन सभी पौधों में पानी देने का काम किया जाएगा।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में सुनीं प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात

**शाहबाद।** नगर के सभी वार्डों में भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष्यों ने अपने-अपने बूथों में एकत्रित होकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 122 वे एपिसोड को अपने बूथ वासियों द्वारा देखा गया। इसी क्रम में बूथ नंबर 93 की मंडल उपाध्यक्ष ईशा अग्रवाल व भाजपा कार्यकर्ता डॉ नरेंद्र भूषण के निवास पर एकत्रित होकर सबने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात बड़े ध्यान से सुनी और सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशाली की भूरी भूरी पर प्रशंसा की। मंडल उपाध्यक्ष ईशा अग्रवाल ने कहा कि यह देश का सौभाग्य है कि हमें 77 साल में ऐसा यशस्वी प्रधानमंत्री मिला है जिसके 11 वर्ष के कार्यकाल में देश की दिशा और दशा को सुधारने का काम किया है। देश का हर नागरिक आराम से अपना जीवन यापन कर रहा है। सभी ने प्रधानमंत्री द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक कामयाबी की प्रशंसा की। इस मौके पर चंद्र प्रकाश गुप्ता, चंद्र मोहन कोहली, आरडी गुप्ता, पवन अग्रवाल सहित मातृ शक्ति मौजूद रही।



### लिटिल मिलेनियम स्कूल में नन्हे बच्चों के लिए पूल पार्टी का आयोजन



**कुरुक्षेत्र।** लिटिल मिलेनियम स्कूल सेक्टर-3 कुरुक्षेत्र में डेवलपिंग रुट से लेकर रेडी टू फ्लाई - कक्षाओं के 150 से ज्यादा बच्चों ने पूल पार्टी का आनंद लिया। गर्मी की छुट्टियों से पहले बच्चों को आनंदित करने और उन्हें मौज-मस्ती का अनुभव देने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों ने पानी में खेलते हुए विभिन्न गतिविधियों का आनंद लिया। रंग-बिरंगे स्विम सूट में बच्चे बेहद उत्साहित नजर आए। पार्टी में संगीत, पानी के खेल और स्वादिष्ट नाश्ते ने माहौल को और भी मनोरंजक बना दिया।

## बरसात के कारण बाबैन अनाज मंडी में भीगी किसानों की सूरजमुखी की फसल



**कुरुक्षेत्र।** अनाज मंडी में भीगी सूरजमुखी की फसल दिखाता हुआ किसान सुमित।

**कुरुक्षेत्र।** बाबैन क्षेत्र में देर रात्रि आए अचनाक तेज आंधी व तेज बारिश ने पेड़ों व बिजली के खंबों को उखाड़ दिया है। वही बरसात होने के कारण किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बरसात आने के कारण किसानों को सुरजमुखी की फसल में नुक्सान हुआ है। किसान सुमित सूरा भगवानपुर ने बताया कि वह दो एकड़ की सूरजमुखी निकलवार कर मंडी में लाया था और मंडी में फड पर सूरजमुखी को सुखाने के लिए डाल दी गई थी लेकिन देर रात आई अचनाक बरसात के कारण सारी सूरजमुखी मंडी में भीग गई और कुछ सूरजमुखी पानी के साथ नाले में बह गई। किसानों ने बताया कि बहुत सी सूरजमुखी की कटी हुई खेतों में पड़ी है जिसमें बरसात आने के बाद नुक्सान हुआ है।



## भाजपा महिला मोर्चा ने थानेसर विधायक के खिलाफ किया प्रदर्शन

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा, कुरुक्षेत्र द्वारा थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर महिला कार्यकर्ताओं ने अग्रसैन चौक पर पुतला भी फूंका। प्रदर्शन भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्षा परमजीत कश्यप के नेतृत्व में किया गया। महिलाओं ने जमकर अशोक अरोड़ा और कांग्रेस पार्टी के खिलाफ नारेबाजी की। परमजीत कश्यप ने कहा कि 23 मई को नगर परिषद् थानेसर कार्यालय में अशोक अरोड़ा ने मीटिंग शुरू होने से पहले ही महिला पार्षदों के समक्ष अपमानजनक एवं अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। उसी के संदर्भ में आज महिलाओं द्वारा यह प्रदर्शन किया गया। महिला मोर्चा ने मांग की कि अशोक अरोड़ा को तुरंत विधायक पद से इस्तीफा देना चाहिए और सभी महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए। यदि ऐसा नहीं किया गया तो महिला मोर्चा आगामी समय में और उग्र आंदोलन करेगा।

**जागरूकता** | सेमिनार में सड़क पर चलते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया

# डिवाइन स्कूल में सड़क सुरक्षा नियमों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

डिवाइन पब्लिक स्कूल शाहाबाद में सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों पर सेमिनार आयोजित किया गया। इस सेमिनार का उद्देश्य विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी देना और उन्हें ट्रेफिक नियमों के प्रति जागरूक बनाना रहा। स्कूल के उप प्रधानाचार्य मनीष मलिक ने बच्चों को सड़क पर चलते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया। उन्होंने हेलमेट पहनने, जेब्रा क्रॉसिंग का प्रयोग करने और ट्रैफिक सिग्नल के नियमों का पालन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम एक ऐसा विषय है, जो न केवल महत्वपूर्ण है, बल्कि जीवन बचाने में भी सहायक हो सकता है। उन्होंने कहा कि सड़कें हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा हैं। हम उन पर चलते हैं, उन्हें पार करते हैं और उन पर यात्रा करते हैं। मगर बढ़ते वाहनों और तेज गति से चलने वाले ट्रैफिक के कारण सड़कें खतरनाक भी हो गई हैं। हर दिन हम दुर्घटनाओं के बारे में सुनते हैं, जिनमें से कई दुर्घटनाएं छात्रों, युवाओं या हमारे जैसे परिवारों से जुड़ी होती हैं। इन दुर्घटनाओं का कारण क्या है। अक्सर ये साधारण बातें होती हैं, जैसे कोई व्यक्ति बहुत तेज गाड़ी चलाता है, लाल बत्ती को अनदेखा करता है, गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल करता है या हेलमेट या सीट बेल्ट नहीं पहनता। कभी-कभी, पैदल चलने वाले भी लापरवाही से बिना देखे चलते हैं। गलत जगहों पर सड़क पार करते हैं या इन फोन से विचलित हो जाते हैं। इसीलिए आज हम जागरूकता फैलाने के लिए यहां हैं। अगर हम सभी सुरक्षा को गंभीरता से लें, तो इनमें से ज्यादातर दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।




### इन बातों का रखें ख्याल

*छात्रों के रूप में हम अभी तक ड्राइवर नहीं बन पाए हैं, लेकिन सड़क सुरक्षा में अभी भी हमारी बड़ी भूमिका है। हमें सड़क नियमों का पालन करना चाहिए जैसे फुटपाथ का उपयोग करना, हरे सिगनल का इंतजार करना और जेबरा क्रॉसिंग पर सड़क पार करना। हमें सड़क पर चलते समय कभी भी हेडफोन नहीं लगाना चाहिए या फोन नहीं देखना चाहिए, ध्यान भटकाना जान लेवा हो सकता है, हमें साइकिल या दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनना चाहिए। हम अपने माता-पिता और बड़ों को सुरक्षित ड्राइविंग, सीटबेल्ट पहनने और गाड़ी चलाते समय पंखे का उपयोग करने से बचने की याद दिला सकते हैं। हम अपने दोस्तों और पड़ोसियों के बीच जागरूकता फैला सकते हैं। सुरक्षा हर किसी की जिम्मेदारी है। हमें याद रखना चाहिए कि सड़क सुरक्षा का मतलब कारनामे से नहीं। बल्कि जीवन का सम्मान करना है। आपका जीवन, आपके साथी का जीवन और उन लोगों का जीवन, जिनसे आप कभी नहीं मिलते। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक डॉ गुरदीप सिंह हेयर व प्रधानाचार्या राजिंद्र खुब्बड़ ने बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए शपथ दिलाई कि मैं खुद की और दूसरों की सुरक्षा करूंगा। जब मैं अनुचित व्यवहार देखूंगा, तो मैं आवाज उठाऊंगा।*

## खबर संक्षेप

### नया ट्यूबवेल चालू किया गया

**अंबाला।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज के प्रयासों से अंबाला छावनी के गोल्डन पार्क क्षेत्र में नया ट्यूबवेल पूरी तरह से चालू हो गया है। इससे कई कॉलोनियों के निवासियों को राहत मिली है। वार्ड नंबर दस के पार्षद रमन छतवाल व बड़ी संख्या में अन्य लोगों ने कैबिनेट मंत्री अनिल विज के आवास पर पहुंच उनका धन्यवाद जताया। छतवाल ने कहा कि मंत्री अनिल विज की बदौलत बहुत ही कम समय में खराब ट्यूबवेल के स्थान पर नया ट्यूबवेल लगाते हुए उसे चलाया गया है।

### कष्ट निवारण समिति की बैठक 26 को

**अंबाला।** जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक 26 मई को 12 बजे पंचायत भवन अंबाला शहर के सभागार में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी व लोक निर्माण भवन व सड़के विभाग के मंत्री रणबीर गंगवा की अध्यक्षता में होगी। नगराधीश अभिषेक गर्ग ने बताया कि मीटिंग के दौरान चयनित शिकायतों पर सुनवाई होगी। उन्होंने बताया कि मीटिंग को लेकर प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### 80 फीसदी मिलेगा अनुदान

**अंबाला।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. जसविंद्र सिंह सैनी ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा जिला में फसल विविधिकरण कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत भूमि की उर्वकता बनाए रखने व हरी खाद को बढ़ावा देने के लिए उंचा के प्रर्दशन प्लाटों का आयोजन किया जाना है। इसके लिए जिला में 2160 क्विंटल ढैंचे का बीज 80 प्रतिशत अनुदान पर दिया जा रहा है। उंचा बोने के इच्छुक किसान मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

### दो दिन आयोजित होंगे शिविर

**अंबाला।** डीसी अजय सिंह तोमर ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर के तहत अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन प्रत्येक सोमवार व प्रत्येक बृहस्पतिवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों का आयोजन पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन होगा। जिला स्तरीय शिविर उपायुक्त कार्यालय तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर बराड़ा व नारायणगढ़ एसडीएम कार्यालय में आयोजित होंगे।

### बराड़ाः वार्षिक उर्स मुबारक 29 को

**बराड़ा।** गांव डेरा सलीमपुर स्थित सरकार अस्तबली बाबा जी का तीसरा वार्षिक उर्स मुबारक आगामी 29 मई को बड़ी श्रद्धा एंव धूमधाम से मनाया जाएगा। गद्दी नशीन रवि भगत ने बताया कि 29 मई को शाम 7 बजे चादर शरीफ का कार्यक्रम होगा। उसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। रात को 9 बजे से कव्वाली आयोजित होगी।

---

मांग पर विचार न हुआ तो किसानों ने प्रशासन को दी हाईवे जाम की चेतावनी

# मारकंडा नदी पर पटरी निर्माण की मांग हेमामाजरा में किसानों ने दिया धरना

- आज एसडीएम कार्यालय में अधिकारियों व किसानों की बैठक आयोजित की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मुलाना

गांव हेमामाजरा में मारकंडा नदी पर पटरी निर्माण की मांग को लेकर रविवार को हेमामाजरा, तंदवाल, घेलड़ी, सोहाना सहित आसपास के गांवों के किसानों ने नेशनल हाईवे-344 किनारे हेमामाजरा गांव के मोड़ पर सांकेतिक धरना दिया। किसानों का साथ देने के लिए भारतीय किसान यूनियन भी धरने में शामिल हुई। धरने के दौरान जब प्रशासन की ओर से कोई अधिकारी नहीं पहुंचा तो किसानों ने हाईवे जाम करने की चेतावनी दी।

स्थिति को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन की तरफ से नायब तहसीलदार साहा हरि ओम मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि हेमामाजरा में मारकंडा नदी के पानी को गांवों में घुसने से रोकने के लिए अस्थायी प्रबंध का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इसके साथ ही सोमवार को एसडीएम कार्यालय में अधिकारियों व किसानों की बैठक भी आयोजित की जाएगी। प्रशासन की इस पहल के बाद करीब 4 घंटे चला धरना समाप्त किया गया। इस दौरान मौके पर डीएसपी सुरेश कौशिक, मुलाना थाना प्रभारी महेंद्र सिंह सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा, जिससे किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके।




**अंबाला।** हेमामाजरा के पास सड़क किनारे धरना देते किसान, किसानों के समझाती पुलिस व नायब तहसीलदार को जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### भाकियू ने दिया किसानों को समर्थन

धरने में पहुंचे भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष मलकीत सिंह ने कहा कि यह समस्या केवल किसानों की नहीं बल्कि आमजन की भी है। हर वर्ष बरसात के समय नदी का पानी गांवों में घुसकर फसलें तबाह करता है। उन्होंने कहा कि यूनियन ग्रामीणों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और अगर जरूरत पड़ी तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि पटरी निर्माण के लिए जिन किसानों की जमीन की जरूरत है, वे पहले ही निशुल्क या तय मुआवजे पर जमीन देने को तैयार हो चुके हैं। प्रशासन के साथ भूमि अधिग्रहण को लेकर बातचीत भी हो चुकी है, जिसमें प्रति एकड़ करीब 40 लाख रुपये मुआवजा तय किया गया था। इसके बावजूद अब तक सिर्फ आश्वासन मिल रहे हैं। कार्य तक शुरू नहीं हुआ।

### पूर्व विधायक के आवास पर होगा प्रदर्शन

ग्रामीणों ने आपसी सर्वसम्मति से फैसला लिया कि अगर प्रशासन पटरी को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाता तो भाजपा की पूर्व विधायक संतोष सारवान के निवास स्थान पर धरना दिया जाएगा। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि अगर किसी नेता को उनकी सुध लेनी है तो इस समय उनके साख खड़ा हो, गांव में मारकंडा नदी के पानी आने पर केवल सहानुभूति जताने न आए । इस दौरान ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक पूजा चौधरी और सासंद वरुण चौधरी को भी आड़े हाथों लिया । बता दें कि मारकंडा पुल से लेकर हेमामाजरा गांव तक मारकंडा नदी पर पटरी नहीं है। बरसाती मौसम में यहीं से मारकंडा नदी का पानी कई गांवों की फसलों को बर्बाद करता है। इसके चलते किसानों को काफी आर्थिक नुक्सान होता है। 2023 में आई बाढ़ के चलते मारकंडा नदी ने इसी रास्ते से हेमामाजरा, तंदवाल, घेलड़ी, सोहाना, राऊमाजरा सहित शाहबाद तक कई गांवों के किसानों की फसलों को नष्ट कर दिया था । जिसके बाद से किसान हेमामाजरा में मारकंडा नदी पर पटरी बनाने की मांग कर रहे है । इसी मुद्दे को लेकर तत्कालीन सिंचाई मंत्री अभय यादव व सिंचाई विभाग के उच्च अधिकारियों ने मौके का दौरा भी किया था लेकिन उसके बाद भी अब तक हेमामाजरा में पटरी नहीं बनीं । जिसके चलते गुस्साए किसानों ने नेशनल हाईवे किनारे हेमामाजरा गांव के मोड़ पर धरना दिया।

### धरने में ये रहे मौजूद

धरने में मनदीप बोपाराय, अशविंद्र सिंह, कमलदीप सिंह, भाकियू युवा जिलाध्यक्ष गुलाब पुनिया, आईटी सैल प्रधान सुखविंदर सैनी, ब्लॉक प्रधान राजदीप, बलजिंद्र सिंह, मान सिंह, कुलवंत सिंह, शेरपाल, शिव कुमार, हरिन्द्र सिंह, अशोक कुमार, रमेश कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया।

---

## सहारनपुर से अंबाला आने वाली गाड़ी नं 64501 को चंडीगढ़ तक किया जाए



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बराड़ा

सहारनपुर से अंबाला तक चलने वाले पैसेंजर ट्रेन 64501 को अंबाला की बजाय सहारनपुर से चड़ीगढ तक चलाए जाने की मांग की है। बता दें कि इस ट्रेन में सहारनपुर से चंडीगढ़ पीजीआई को जाने वाले मरीज व नौकरी पेशा लोग बड़ी संख्या में सफर करते है लेकिन यह ट्रेन अंबाला तक ही चलती है, ऐसे में इस ट्रेन में सफर करने वाले लोगों को अंबाला में उतरना पड़ता है। यहां पर खड़ी एक अन्य गाड़ी संख्या 64563 को पकडना पड़ता है जोकि चंडीगढ़ की ओर जाती है। इन दोनों गाड़ियों का आपस में लिंक था लेकिन पिछले कुछ दिनों से गाड़ी संख्या 64563 का रूट हिसार रायपुर तक कर दिया गया था ऐसे में अब यह ट्रेन रायपुर-हिसार से आ रही है लेकिन अंबाला तक पहुंचते-पहुंचते यह ट्रेन कई घंटे देरी से पहुंच रही है जिससे गाड़ी संख्या 64501 से आने वाले पीजीआई चडीगढ़ के मरीजों व नौकरी पेशा लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। ऐसे में दैनिक यात्रियों ने रेलवे से मांग की है कि गाड़ी संख्या 64501 को सहारनपुर से सीधा चंडीगढ़ तक चलाए ताकि पीजीआई चंडीगढ़ में जाने मरीजों व दैनिक यात्रियों को आसानी हो सके।

## विधायक अशोक अरोड़ा पर हमला निंदनीय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

कुरुक्षेत्र की थानेसर नगर परिषद की बैठक में कांग्रेस विधायक और एक भाजपा पार्षद प्रतिनिधि के बीच हुए घटनाक्रम की इनेलो ने कड़े शब्दों में निंदा की है। इनेलो व्यापार सैल के प्रदेश अध्यक्ष मदन मोहन चौधरी ने कहा कि दो दिन पहले नगर परिषद की बैठक में भाजपा पार्षद प्रतिनिधि नरेंद्र शर्मा और एक अन्य शख्स टोनी मदान ने विधायक अशोक अरोड़ा पर हमला कर दिया। विधायक के साथ हाथापाई की गई। मीटिंग से एक दिन पहले ही नगरपरिषद के कार्यकारी अधिकारी की ओर से आदेश जारी किया गया था कि मीटिंग में केवल चुने हुए पार्षद, कार्यालय अधिकारी और कर्मचारी ही भाग ले सकते हैं। इसके बावजूद पार्षद प्रतिनिधि नरेंद्र शर्मा और टोनी मदान मीटिंग में आए। दोनों ने जानबूझ कर हंगामा किया। विधायक के साथ हाथापाई की।

---

## गवर्नमेंट कॉलेज में शुरू हुआ पीजी डिप्लोमा इन जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला



**अंबाला।** प्राचार्य का आभार जताते शिक्षक।

अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में इस सत्र से जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन में पीजी डिप्लोमा शुरू हो रहा है। इस संबंध में कल उच्चतर शिक्षा विभाग के आदेश जारी हो गए। पीजी डिप्लोमा शुरू होने पर मास कम्युनिकेशन विभाग के टीचर्स ने प्रिंसिपल डॉ. देसराज बाजवा का धन्यवाद किया। प्रिंसिपल बाजवा ने कहा कि इस एक वर्षीय पीजी डिप्लोमा शुरू होने पर अब अंबाला के छात्रों को कुरुक्षेत्र या फिर चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी नहीं जाना होगा। उन्होंने कहा कि इस पीजी डिप्लोमा का कार्यरत मीडियाकर्मियों को भी लाभ होगा। पीजीडीजेएमसी में किसी भी विषय से ग्रेजुएट डिग्री पास छात्र दाखिला ले सकता है। कॉलेज में पहले ही बीए मास कम्युनिकेशन की तीन वर्षीय जॉब ओरियंटेड डिग्री करवाई जाती है। इस मौके पर मास कम्युनिकेशन विभाग से डॉ. बलजिंदर कौर,प्रो. धर्मवीर सिंह व प्रो. हितेश मौजूद रहे।

## रेलवे स्टेशन से पकड़ी गांजा की बड़ी खेप

### बिहार से लुधियाना जा रही थी नशे की खेप, तस्कर 2.850 किलो गांजा के साथ पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

रेलवे पुलिस ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान जांच टीम ने आरोपी से 2 किलो 850 ग्राम गांजा बरामद किया है। अब पुलिस आरोपी को रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है। राजकीय रेलवे पुलिस की ओर से बीते रोज अंबाला शहर रेलवे स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया हुआ था। इस दौरान पुलिस को एक ट्रेन में बैठे युवक पर शक हुआ। पुलिस ने युवक के सामान की तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसमें गांजा बरामद हुआ। इसके बाद उसे ट्रेन से उतार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। रेलवे पुलिस के प्रवक्ता के अनुसार युवक की पहचान नरेश महतो निवासी समस्तीपुर बिहार के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि युवक के पास से दो किलो 850 ग्राम गांजा बरामद किया है। यह युवक गांजे की खेप को लेकर समस्तीपुर बिहार से पंजाब के लुधियाना जा रहा था। आरोपी ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह यह गांजे की खेप को एक अन्य व्यक्ति को सौंपने वाला था। आरोपी नरेश लुधियाना में डिलिवरी लेने वाले को शक्ल से ही पहचानता है। पुलिस ने बताया कि शक्ल के आधार पर उसका स्केच तैयार कराया जाएगा। जिसके बाद युवक की भी तलाश की जाएगी।

## कम्युनिस्ट पार्टी का जिला स्तरीय सम्मेलन पार्टी कार्यालय में हुआ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का 16वां जिला स्तरीय सम्मेलन एमसी कालोनी स्थित पार्टी कार्यालय में हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता मंगली राम शर्मा, राम रतन एडवोकेट, पवन कुमार सैनी एडवोकेट, राजेश कुमार व जिले सिंह ने संयुक्त रूप से की। सर्वप्रथम पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए देश के निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दो मिनट के लिए मौन रखा गया। इस मौके पर प्रदेश सचिव राम रतन सैनी व दरियाव सिंह कश्यप ने उद्घाटन भाषण दिया। कॉमरेड जिले सिंह पाल ने पिछले वर्ष की रिपोर्ट पेश की। सभी साथियों ने रिपोर्ट का समर्थन किया। कामरेड जिले सिंह पाल ने आगामी वर्ष के लिए कार्यकारिणी के 11 साथियों का अनुमोदन किया। सर्वसम्मति से जिले सिंह पाल को दोबारा करनाल जिला सचिव चुना गया। जिले सिंह पाल ने कहा कि आने वाले समय में कार्यकारिणी के सदस्यों की संख्या बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सीपीआई के राज्य सम्मेलन में सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन की रुपरेखा बनाई जाएगी। नौ जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल का भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी समर्थन करती है।

**महिलाओं का अभिनंदन करते पदाधिकारी**



## हवन यज्ञ में डाली आहुतियां महिलाओं ने लिया आशीर्वाद

- हवन यज्ञ हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग: किरण बाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

जिला ब्राह्मण सभा के सचिव की ओर से परशुराम मंदिर में हवन यज्ञ करवाया गया। भगवान परशुराम मंदिर पीपली बाजार अंबाला शहर में रविवार को हवन यज्ञ में आहुतियां डाली गई। सभा के प्रधान देवेंद्र शर्मा ने कहा कि सभी अपना जन्मदिन मंदिर में आकर मनाएं। भगवान का आशीर्वाद ले। उन्होंने कहा कि यदि कोई अपने जन्मदिन का खर्च वहन नहीं कर सकता तो उसका खर्च सभा द्वारा वहन किया जाएगा। इस अवसर पर किरण बाला ने कहा कि हवन यज्ञ हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग हैं। हवन में सभी देवी देवताओं का आह्वान किया जाता है। इससे न केवल सभी ईष्ट देवताओं की पूजा होती है बल्कि वातावरण भी शुद्ध हो जाता है।इस अवसर पर माधव शर्मा, सुरिन्द्र वत्स, जय भगवान, अविनाश पुरी, जुगल किशोर शर्मा, शिव आसरा, जसविंद्र शर्मा, जय किशन इत्यादि भक्त जन मौजूद रहे।

---

**मौसम की मार** शनिवार रात मौसम ने ली अगड़ाई, आंधी और बारिश ने छकाया

# बरसात की वजह से कई रिहायशी कॉलोनियों में जलभराव, अंडरपास से निकलना हुआ दूभर

- दो पहिया के साथ चार पहिया वाहन भी पानी में फंसकर खराब, पूरे दिन राहगीरों की रही मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला



**अंबाला।** इंको अंडरपास में जमा पानी से गुजरते वाहन । फोटो : हरिभूमि

देर रात हुई भारी बरसात से कई रिहायशी कॉलोनियों में पानी जमा हो गया। कई सड़कों पर भी जलभराव की स्थिति रही। इसी वजह से लोगों को गंदे पानी से निकलना पड़ा। सबसे बुरा अंबाला शहर स्थित इंको अंडरपास का रहा। यहां अंडरपास तालाब में तब्दील हो गया। इसकी वजह से दोपहिया वाहन चालक बेहद परेशान हुए। पैदल राहगीर पानी की वजह से अंडरपास से गुजर नहीं पाए। कई कारें भी अंडरपास में फंसकर खराब हो गई। इस दौरान नगर निगम की ओर से पानी निकालने की कार्रवाई शुरू कर दी थी। लोगों का कहना है प्री मानसून की बरसात ने ही जलभराव की स्थिति पैदा कर दी है। थोड़ी सी बरसात से ही सड़कें जलमग्न हो जाती है। सड़कें जलमग्न होने से काम पर निकलना मुश्किल हो जाता है। नगर निगम अगर समय-समय पर नाले नालियों की सफाई करवाएं तो अंबाला की सड़कों पर बाढ़ की स्थिति पैदा नहीं होगी। बारिश पड़ने से एक तरफ जहां लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली और मौसम सुहावना हो गया। दूसरी तरफ लोगों के लिए समस्या भी बढ़ गई। थोड़ी ही देर की बारिश ने प्रशासन के सभी दावों की पोल खोलकर रख दी। सड़कें और गलियां तालाब बन गई। जलभराव के कारण आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जिले में कई जगह अंडर पास बने हुए हैं। अंडर पास में पानी भर जाने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इन अंडरपास में हल्की सी बरसात होने के बाद पानी भर जाता है। इसी वजह से यहां से निकलना बेहद मुश्किल हो जाता है।

## नस्ल के साथ समाज की जड़ें भी कमजोर कर रहा है नशाः डीएसपी सुरेश कुमार

- डीएसपी ने ग्रामीणों को नशे के खिलाफ किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बराड़ा

गांव अधोया में आयोजित एक जागरूकता कार्यक्रम के दौरान डीएसपी सुरेश कुमार ने ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सतर्क करते हुए कहा कि नशा न केवल व्यक्ति को बर्बाद करता है, बल्कि समाज की जड़ें भी कमजोर करता है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे स्वयं भी नशे से दूर रहें और अपने बच्चों को भी इससे दूर रखने का प्रयास करें।

डीएसपी ने कहा कि अधिकतर अपराधों की जड़ में नशा होता है और पुलिस इस पर अंकुश लगाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि उनके क्षेत्र में कोई व्यक्ति नशा बेचता है तो उसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दें। जानकारी देने वाले व्यक्ति का नाम पूर्ण रूप से गोपनीय रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें आम नागरिकों की भागीदारी भी आवश्यक है।

उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे अपने छोटे बच्चों को वाहन न चलाने दें क्योंकि इससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। साथ ही उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट पहनने की भी अपील की। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य सुखविंद्र सिंह, जसविंद्र सिंह सोहाता, दलीप सिंह अधोया, आशीष गर्ग, सरपंच रवि सीवनमाजरा, प्रवीण शर्मा, सुभाष शर्मा, सुशील, बोबी, नीरज, ओमप्रकाश, सतपाल समेत अनेक व्यक्ति उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005